डिजीटल अखबार

डीआर भोपाल

01

भोपाल, बैरागढ़, वीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | कार्तिक कृष्ण पक्ष,02- 2083 | भोपाल,दिन मंगलवार, दिनांक 27 अक्टूबर, 2026

न्यूज गैलरी

एनपी टूरिज्म को मिला उत्कृष्ट पर्यटन राज्य का अवॉर्ड

भोपाल। मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड को ऑउटस्टैंडिंग टूरिज्म स्टेट ऑफ इंडिया अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। कोलकाता में आयोजित ट्रैवल एजेंट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (टीएएआई) के 66वें राष्ट्रीय सम्मेलन में बोर्ड के अपर प्रबंध संचालक डी. अगस्त बेंजेकर ने पुरस्कार ग्रहण किया। यह सम्मान प्रदेश में पर्यटन विकास, ऐतिहासिक—सांस्कृतिक धरोहरों और प्राकृतिक स्थलों के प्रसार—प्रचार के प्रयासों के लिए दिया गया।

शहर में महर्षि वाल्मीकि का प्रकटोत्सव मनाया

भोपाल। महर्षि वाल्मीकि जयंती पर सोमवार को शहर के विभिन्न मंदिरों में धार्मिक आयोजन किए गए। चौथी इमलीवाड़ा स्थित वाल्मीकि मंदिर में विशेष पूजा, हवन और आरती हुई। इसी तरह, लहारपुर और शाहजहानाबाद क्षेत्र के मंदिरों में भी शहर के लोगों ने पूजा-अर्चना की। सेरोंखेड़ी स्थित वाल्मीकि मंदिर में आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर जल समारोह भी निकाला गया।

जलापूर्ति और ड्रील संरक्षण के काम समय पर पूरे करने के निर्देश

भोपाल। नगर निगम कमिश्नर आशीष अग्रवाल ने सोमवार को जलकार्य, ड्रील संरक्षण, उद्यान और स्वास्थ्य विभाग के कामकाज की समीक्षा की। बरखेड़ा मुकाम में अमृत-2.0 परियोजना के तहत जलापूर्ति और सीवेज कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने पाइपलाइन और इंटेक वेल के काम समय पर पूरे करने के निर्देश दिए। सीवेज परिशोधन में आ रही बाधाएं दूर करने और कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने को कहा। सुधार नहीं होने पर पेनाल्टी लगाने की चेतावनी भी दी।

राजू वर्मा अध्यक्ष, रवींद्र निकम बने सचिव

भोपाल। ऑल इंडिया फार्मा कोतोनी की जनता जत्थान समिति के द्विवार्षिक चुनाव में राजेश वर्मा राजू को अध्यक्ष चुना गया। बलवंत सिंह उपाध्यक्ष, रवींद्र निकम सचिव, प्रवीण रघुवंशी सहसचिव और विमल सिंह सोलंकी संगठन प्रभारी बनाए गए।

मीना समाजसेवा संगठन ने मनाया 47वां स्थापना दिवस

भोपाल। मध्य प्रदेश मीना समाजसेवा संगठन का 47वां स्थापना दिवस इमलीखेड़ा रोड स्थित मीना भवन में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पूजा-पाठ और भगवान नीलेश की आरती से हुई। समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर संगठन की एकता, मजबूती और सामाजिक

बैठक में मंथन | प्रदेश भाजपा कोर ग्रुप की बैठक में राज्यसभा उपचुनाव और संगठन की रणनीति पर मंथन

राज्यसभा सीट के लिए पांच नामों का पैनल तैयार, बड़ी रैलियों, केंद्र और राज्य के बीच समन्वय बढ़ाने पर भी चर्चा

डीआर संवाददाता।। भोपाल।

मुख्यमंत्री निवास में सोमवार को भाजपा प्रदेश भरतपा कोर ग्रुप की उच्चस्तरीय बैठक आयोजित हुई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश प्रभारी पीयूष कुमार देव, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल से बातचीत कि राज्यसभा के लिए पांच नामों का पैनल तैयार किया गया है। अंतिम नाम पर दर्जी का केंद्रीय नेतृत्व निर्णय लेगा। रिपोर्ट के अनुसार, केंद्रीय सुशासन समिति अगले शुक्र दिनों में प्रत्याशी के नाम घोषित कर सकती है। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य, पूर्व मंत्री अरविंद सिंह भदौरिया और प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी सहित अन्य नेताओं के नाम भी चर्चा में हैं। हालांकि, अंतिम उम्मीदवार की आधिकारिक घोषणा होना बाकी है।



उपचुनाव रहा। नामांकन प्रक्रिया शुरू होने के बाद भाजपा ने संभावित उम्मीदवारों के नामों पर विचार किया। बैठक के बाद प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने बताया कि राज्यसभा के लिए पांच नामों का पैनल तैयार किया गया है। अंतिम नाम पर दर्जी का केंद्रीय नेतृत्व निर्णय लेगा। रिपोर्ट के अनुसार, केंद्रीय सुशासन समिति अगले शुक्र दिनों में प्रत्याशी के नाम घोषित कर सकती है। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य, पूर्व मंत्री अरविंद सिंह भदौरिया और प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी सहित अन्य नेताओं के नाम भी चर्चा में हैं। हालांकि, अंतिम उम्मीदवार की आधिकारिक घोषणा होना बाकी है।

दावेदारों में कई नाम

राज्यसभा के

राज्यसभा सीट की लिए प्रदेश और दूसरे राज्यों के नेताओं के नामों की चर्चा है। संभावित दावेदारों में दत्तिसनवड़ी बनिया भाजपा नेता और पूर्व विधायक रामेश्वर नीखरा, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया गुट के पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया तथा महान इंडस्ट्रीज के निदेशक प्रोफेसर पी. राजगोपाल के नाम शामिल बताए गए हैं। मध्य प्रदेश से भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य, पूर्व मंत्री अरविंद सिंह भदौरिया और प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी सहित अन्य नेताओं के नाम भी चर्चा में हैं। हालांकि, अंतिम उम्मीदवार की आधिकारिक घोषणा होना बाकी है।

तीन शहरों में होंगी यही रैलियां

बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों को तेज करने पर भी चर्चा हुई। रिपोर्ट के मुताबिक भाजपा ने कांग्रेस के रणनीतिक नैरेटिव का जवाब देने के लिए आक्रामक रणनीति अपनाने का निर्णय लिया है। इसके तहत खंडवाल रणवीर, अरुणाचल हालांकि अभियान के अंतर्गत मंगलवार, इंदौर और जबलपुर में तीन बड़ी रैलियां आयोजित करने की योजना है। इन कार्यक्रमों के जरिए पार्टी अपने राजनीतिक मुद्दों को जनता तक पहुंचाने का प्रयास करेगी।

केंद्र और राज्य के बीच समन्वय पर जोर

बैठक में केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और राज्य के संबंधों के बीच समन्वय बढ़ाने का प्रस्ताव भी रखा गया। इसके तहत प्रत्येक केंद्रीय मंत्रालय के साथ राज्य के एक—एक मंत्री को जोड़ने की योजना बनाई गई है। इससे केंद्र की योजनाओं, विकास कार्यों और स्थानीय जरूरतों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने पर जोर दिया जाएगा।

बैठक में हुए विचार—विमर्श के बाद एक राज्यसभा उपचुनाव के प्रत्याशी की घोषणा और आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों पर पार्टी के अगले उदयनी का इन्तजार है।

पुलिया से 25 फीट नीचे गिरी कार, चार दोस्तों की जलने से मौत

सांवरिया सेठ के दर्शन कर लौट रहे थे पांच युवक, एक गंभीर घायलय हादसे के बाद क्षेत्र में पसरा मातम

डीआर संवाददाता।। धार।

जिले के बदनावर डोड में सेवड़—नरवाणिय पोरलेन पर रविवार सुबह भीषण सड़क हादसा हो गया। सावलसुर और खेरोद के बीच एक डंपर के पास खड़ी स्विफ्ट 11ए30 कार पुलिया पर बने पैराडाइज से टकराकर लगभग 25 फीट नीचे जा गिरी। दुर्घटना के बाद कार में आग लग गई, जिससे उसमें सवार चार युवकों की जिंदा जलने से मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार, चारों दोस्त सांवरिया सेठ के दर्शन कर लौट रहे थे। इसी दौरान उनकी डिजायर कार अनियंत्रित होकर पुलिया से पैराडाइज से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का इंजन उछलकर बाहर जा गिरा और वाहन पुलिया से नीचे जा गिरा। इसके बाद कार में आग लग गई और देखते ही देखते वाहन आग की लपेट में आ गया।

पुलिस ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची। पुलिस ने फायर ब्रिगेड को बुलाकर आग बुझाने का प्रयास किया। हालांकि, तब तक कार पूरी तरह जल चुकी थी। बाद में क्रेन की मदद से कार को बाहर निकाला गया। हादसे में जान गंवाने वाले चारों युवकों के शव पोस्टमॉर्टम के लिए धार जिला चिकित्सालय भेजे गए। गंभीर रूप से घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे के बाद डोड से लोग का माहौल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

हिंदू समिति अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी के चेहरे पर पोती स्याही

माफी के बाद भी नहीं थमा मामलाय भवानी चौक पर युवकों से हुई झूमाझटकी



डीआर संवाददाता।। भोपाल

राजधानी के भवानी चौक (पीर गेट) पर सोमवार दोपहर हिंदू रक्षक समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी के साथ विवाद हो गया। कुछ युवकों ने उनके साथ धक्कामुक्की करते हुए चेहरे पर स्याही पोत दी। घटना के दौरान दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस हुई। बताया गया कि एक इंटरव्यू में अनुसूचित जाति के लिए कथित तौर पर जातिसूचक शब्दों के इस्तेमाल को लेकर विवाद शुरू हुआ था।

माफी के बाद भी जारी रहा विवाद

चंद्रशेखर तिवारी की कथित टिप्पणी सामने आने के बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर अपनी गलती स्वीकार की थी और माफी मांगी थी। हालांकि, सोमवार को भवानी चौक पर कुछ युवकों से उनका आमना—सामना हो गया। कहासुनी के बाद मामला बढ़ा और युवकों ने उनके चेहरे पर स्याही पोत दी। घटना के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल बन गया।

तिवारी ने कार्रवाई की बात कही

घटना के बाद चंद्रशेखर तिवारी ने कहा कि वे सनातन धर्म के लिए काम करते रहेंगे और धमकियों से पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि घटना में शामिल युवकों ने खुद को अनुसूचित जाति का बताया था। तिवारी ने आरोपियों के खिलाफ प्रथमिकी दर्ज कराने की बात कही। उन्होंने समर्थकों के साथ कोतवाली थाने पहुंचने की जानकारी भी दी। मामले को लेकर पुलिस की कार्रवाई और घटना के संबंध में आधिकारिक जानकारी सामने आना बाकी है।

डीपीपी घर से 12 बोर की लाइसेंसी बंदूक चोरी

भोपाल। जवाहरी इलाके में घर मालिक को निशाना बनाकर सनसनी फैलाने वाले 12 बोर की लाइसेंसी से लाखों रुपए चोरी कर ले गए। बंदूक की कीमत करीब 50 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस के मुताबिक, सोमवार दोपहर करीब 2:30 बजे आरोपी घर के पीछे की तरफ से दीवार फांदकर अंदर घुसे। उस समय घर में अकेले मौजूद महिला को बंधक बनाकर उन्होंने घर में रखी बंदूक और नकदी लूट ली। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही एसडीओपी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर दिए हैं। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करने का दावा किया गया है।

खरगे की टिप्पणी पर भोपाल में भाजपा—कांग्रेस आमने—सामने,

कांग्रेस प्रदेश कार्यालय का घेराव करने जा रहे भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं पुलिस ने किया वाटर कैनन का इस्तेमाल

डीआर संवाददाता।। भोपाल

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की ज्यानगरी नरेंद्र मोदी के पिता को लेकर की गई टिप्पणी के विरोध में शोमवार को भोपाल में भाजपा ने प्रदर्शन किया। कांग्रेस प्रदेश कार्यालय का घेराव करने जा रहे भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं को पुलिस ने दीवारी नगर चौराहे पर बैरिकेडिंग कर रोक दिया।

इस दौरान भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ता आमने—सामने आ गए और दोनों पक्षों के बीच नारेबाजी की स्थिति बन गई। हालात नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने वाटर कैनन का इस्तेमाल किया।



प्रदर्शन के दौरान हुई झड़प में पुलिस ने बताया कि कांग्रेस के पैंसठ किलो 5000 वालंटियर्स खरगे के पैंसठ वें जन्मदिन पर रक्तदान करने जा रहे थे। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता कांग्रेस कार्यालय के सामने पहुंचे। इसी दौरान दोनों दलों के कार्यकर्ता आमने—सामने आ गए। इसी दौरान दोनों दलों के कार्यकर्ता आमने—सामने आ गए।

बिहार में कार्यक्रम के दौरान शुरू हुआ विवाद

यह विवाद बिहार के पहले मुख्यमंत्री श्रीकृष्ण सिंह की जयंती पर पटना में आयोजित कार्यक्रम के दौरान शुरू हुआ। कार्यक्रम में एक स्लाइड में कथित तौर पर जवाहर लाल नेहरू की तस्वीर के बगल में प्रधानमंत्री मोदी की तस्वीर लगा दी गई। इसे लेकर कांग्रेस ने दिनभर हंगामा किया। इसके बाद भाजपा ने प्रधानमंत्री के खिलाफ नारेबाजी की। इसके विरोध में भाजपा ने प्रदर्शन किया।

भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए खरगे के सार्वजनिक जीवन में भाग की सराहना करते रहने की बात कही। प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने बैरिकेडिंग के जरिए दोनों पक्षों को आमने—सामने होने से रोका। हालांकि, कुछ देर के लिए तनाव की स्थिति बनी रही।

महंगे शौक पूरे करने चोरी करने लगे, तीन गिरफ्तार

डीआर संवाददाता।। भोपाल

नीलीबाद थाना पुलिस ने वाहन चोरी की दो वारदातों का खुलासा करते हुए दो नाबालिग सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद की है।

पुलिस के अनुसार, 26 सितंबर को नीलीबाद निवासी अनीश खान और 21 अक्टूबर को छिंदिया जिले के ग्राम मेहदी निवासी शंकरण की बाइक चोरी हुई थी। लगातार हो रही वाहन चोरी की घटनाओं को देखते हुए थाना प्रभारी हरिकिशन खान के नेतृत्व में टीम गठित की गई। तकनीकी साक्ष्यों और अन्य जानकारियों के आधार पर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया।



गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अनस सिंह पुत्तर (20), सैयद सोनू (20) और जसवन्त उर्फ लोनू पुत्तर (23) के रूप में हुई है। तीनों सीतोर जिले के दोराहा थाना क्षेत्र के वासी इलाहिया भोज्ञ के बताई हैं। पुलिस के पूछताछ आरोपियों ने अपनी शौक पूरे करने के लिए वाहन चोरी करना स्वीकार किया है। ये सीका देखकर वाहन चुराते और उनका इस्तेमाल करते थे। मामले में ग्राम मेहदी निवासी शिवकुमार नीला सरार है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

अब 100: इथेनॉल से चल सकेंगी गाड़ियां, केंद्र सरकार ने दी मंजूरी

डीआम संवाददाता।। नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने इथिल ईंधन को बढ़ावा देने और प्रदूषण से होने वाले नुकसान को कम करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। सोमवार को जारी अधिसूचना के बाद अब 100 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रित ईंधन यानी ई—100 पर चलने वाले प्लेटफॉर्म—तयार वाहनों के निर्माण और संचालन के लिए वैधानिक रास्ता साफ हो गया है। इस फैसले से वाहन निर्माता कंपनियों के लिए ई—100 तकनीक वाले सॉलिड विकसित करने और भारतीय बाजार में पेश करने की संभावनाएं बढ़ेंगी। हालांकि, ई—100 ईंधन का इस्तेमाल केवल उन्हीं वाहनों में किया जा सकेगा, जिन्हें इस प्रकार के ईंधन पर चलने के लिए तकनीकी रूप से तैयार और प्रमाणित किया गया हो। मौजूदा पेट्रोल कारों में सीधे ई—100 ईंधन का इस्तेमाल नहीं किया जा सकेगा।

भूमि पूजन | नलखेड़ा में बनेगा भव्य मां बगलामुखी देवी लोक

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 85.40 करोड़ रुपये के प्रथम चरण के कार्यों का किया भूमिपूजन

डीआर संवाददाता।। भोपाल

आगर—मालवा जिले के नलखेड़ा में मां बगलामुखी देवी लोक का निर्माण किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को 85.40 करोड़ रुपये की लागत से होने वाले प्रथम चरण के कार्यों का भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में मां बगलामुखी देवी लोक आस्था, अध्यात्म, श्रद्धा और धार्मिक पर्यटन का प्रमुख केंद्र बनकर उभरेगा। यहां देश—विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में काम किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को 85.40 करोड़ रुपये की लागत से होने वाले प्रथम चरण के कार्यों का भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में मां बगलामुखी देवी लोक आस्था, अध्यात्म, श्रद्धा और धार्मिक पर्यटन का प्रमुख केंद्र बनकर उभरेगा। यहां देश—विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में काम किया जा रहा है।



20 हेक्टेयर भूमि पर देवी लोक का भव्य निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही रमणीय नदी के तटों पर सुंदर और भव्य घाट विकसित किए जाएंगे, जिससे श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। परियोजना का उद्देश्य धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ नलखेड़ा को प्रमुख आध्यात्मिक स्थल के रूप में स्थापित करना है।

आवागमन की सुविधाओं पर भी जोर

नलखेड़ा आने वाले श्रद्धालुओं के आवागमन को सुगम बनाने के लिए सड़क और पुल निर्माण पर भी जोर दिया जा रहा है। अधिकारियों से बताया कि नलखेड़ा तक लगभग 14 किलोमीटर लंबे मार्ग को दो लेनों में चौड़ीकरण को स्वीकृति दी जा चुकी है। इसके अलावा, लखुंदर नदी पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 13.27 करोड़ रुपये की लागत से नया पुल बनाया जा रहा है।

इन विकास कार्यों से नलखेड़ा को प्रमुख आध्यात्मिक स्थल के रूप में स्थापित करना है।

108 फीट ऊंचा होगा मंदिर का शिखर

मां बगलामुखी देवी लोक के केंद्रीय मंदिर में 85.40 करोड़ रुपये की लागत से विशेष निर्माण कार्य किए जाएंगे। मुख्य मंदिर का शिखर लगभग 2,600 वर्गफीट क्षेत्र में होगा। मंदिर के मुख्य शिखर की ऊंचाई 108 फीट प्रस्तावित है। इसके देवी लोक को भव्य स्वरूप देने की योजना है।

में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलने और श्रद्धालुओं को बेहतर आवागमन सुविधाएं उपलब्ध होने की उम्मीद है। देवी लोक के निर्माण से क्षेत्र के धार्मिक स्वरूप को नया विस्तार मिलने की संभावना है।

ढाई लाख की चेन झपटकर भागे बदमाशों को सास—बहू ने पकड़वाया

डीआर संवाददाता।। भोपाल

अरेरा हिल्स थाना क्षेत्र में परिवार राम सोने की चेन झपटमारी की घटना हुई। तीन मंदिर से पूजा कर बहू के साथ एक्टिवा से घर लौट रही 62 वर्षीय महिला के गले से स्कूटर सवार तीन बदमाश ढाई लाख रुपये कीमत की चेन झपटकर भागने लगे। महिला की बहू ने उनका पीछा किया। शोर सुनकर कुछ बाइक सवार भी बदमाशों के पीछे लग गए। आसिलकार भीमनगर की महिलाएं भी भीड़ से तीनों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

जानकारी के अनुसार, गायत्रीनगर निवासी कंजना अशोरा परिवार को अपनी बहू



निविता जैन के साथ जैन मंदिर गई थीं। शाम करीब पौने पांच बजे उदयन्त नगर के भागाह कार्यालय के पास पहुंचने पर स्कूटर सवार तीन बदमाशों ने पीछे बैठी कल्पना के गले से सोने की चेन झपट ली।

चोरी के स्कूटर से आए थे आरोपी

वारदात के बाद सास—बहू ने शोर मचाते हुए बदमाशों का पीछा किया। भीनगर की संकरी गलियों में स्कूटर की रफ्तार धीमी होने पर लोगों ने उन्हें घेर लिया। भीड़ ने आरोपियों की पिटाई भी की और पुलिस को सौंप दिया। पुलिस के अनुसार, आरोपियों की पहचान दीपू चौहान (22), सौरभ उर्फ अज्जन और एक नाबालिग के रूप में हुई है। उनके कब्जे से चेन बरामद कर ली गई। जांच में वारदात में इस्तेमाल स्कूटर चोरी का निकला। पुलिस मामले के अन्य पहलुओं की जांच कर रही है।

डिजटन अखबार

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, शैलंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर कार्तिक कृष्ण पक्ष,02- 2083 सीहोर,दिन मंगलवार,दिनांक 27 अक्टुबर, 2026

परेशानी सीहोर-श्यामपुर सड़क बदहाल, धूल के गुबार से राहगीर, वाहन चालक परेशान

क्षेत्र में दिनभर उड़ती धूल, सीवेज कार्य के बाद गलियों की मरम्मत का इंतजार

जिला अस्पताल में 28 फरवरी 2027 तक चलेगा चेस्ट क्लिनिक

डीआर संवाददाता»सीहोर

शहर से श्यामपुर तक बदहाल सड़क और पीएचई कार्य के चलते खुदी पड़ी गलियों ने आम लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। सड़कों पर दिनभर वाहनों की आवाजाही के साथ धूल के गुबार उड़ते रहते हैं। सबसे अधिक प्रभावित ऐसी सैं जाती है कि प्रशासन धूल से ढंकर नजर आता है। वहीं, शहर की कई गलियों में सीवेज लाइन डालने के बाद सड़कें दोबारा नहीं बनाई गई हैं। इससे स्थानीय दुकानदारों और वाहन चालकों को रोजाना मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।



सड़क और गलियों की बदहाली के बीच वायु प्रदूषण को लेकर भी चिंता बढ़ रही है। एक ओर लोग धूल और धुएं से परेशान हैं, दूसरी ओर स्वास्थ्य विभाग ने जिला अस्पताल में सांस और छाती से संबंधित बीमारियों की जांच व उपचार के लिए विशेष चेस्ट क्लिनिक शुरू किया है। ऐसे में नागरिकों की मांग है कि इलाज की सुविधाओं के साथ सड़कों की मरम्मत और धूल नियंत्रण पर भी प्रभावी कदम उठाए जाएं।

सीहोर-श्यामपुर मार्ग पर धूल का प्रकोप

सीहोर से श्यामपुर तक सड़क की खराब स्थिति के कारण लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। सड़क से गुजरने वाले वाहनों के कारण धूल उठती रहती है। इससे आम जनता विशेष रूप से गली क्षेत्र में दिखाई देता है, जहां दिनभर धूल के गुबार छाए रहते हैं। आसपास रहने वाले लोगों और दुकानदारों को भी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

शहर में सीवेज लाइन बिछाने के लिए विभिन्न गलियों को खुदाई की गई है। स्थानीय लोगों का शिकायत है कि काम पूरा होने के बाद भी कई जगह सड़कें पहले जैसी नहीं बनाई गई हैं। महीनों से सम्मान का इंतजार कर रहे रहवासियों को उबड़-खाबड़ रास्तों और उठती धूल के बीच मजबूरी वश चलना पड़ रहा है। धूल नियंत्रण के लिए नियमित पानी का छिड़काव और सड़कों की मरम्मत जैसे उपाय किए जाने की जरूरत है।

चक्काजाम कर चुके मंडीवासी, ग्रामीणों ने भी दी चेतावनी

सड़क की समस्या को लेकर स्थानीय लोग पहले भी विरोध दर्ज करा चुके हैं। वार्ड एक पखवाड़े पहले मंडीवास के लोगों ने आने के पास चक्काजाम कर अपनी नाराजगी जताई थी। इसके बावजूद समस्या का समाधान नहीं होने से लोगों के आक्रोश बना हुआ है।

इसी तरह चांदखेड़ी के ग्रामीणों ने भी सड़क सुधार की मांग को लेकर चेतावनी दी है कि समय पूरा होने के बाद भी कई जगह सड़कें नहीं बनाई गई हैं। ग्रामीणों ने 10 दिन के भीतर सड़क की स्थिति सुधारने की मांग करते हुए ऐसा नहीं होने पर चक्काजाम करने की चेतावनी दी थी। जनप्रतिनिधियों का कहना है कि विकासगांव के दौरान सड़क सुधार का मुद्दा स्थानीय स्तर पर प्रमुख बना हुआ है।

सांस संबंधी समस्याओं के लिए जिला अस्पताल में चेस्ट क्लिनिक

धूल और धुएं के संपर्क में रहने से लोगों को खांसी, सांस फूलने, एलर्जी और आंखों में जलन जैसी समस्याएं हो सकती हैं। बच्चों, बुजुर्गों और पहले से सांस संबंधी बीमारियों से पीड़ित लोगों को विशेष परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि, जिला अधिकारी के निर्देशों पर जिला अस्पताल में चेस्ट क्लिनिक 16 फरवरी से शुरू किया गया है। यह क्लिनिक 28 फरवरी 2027 तक संचालित किया जाएगा।

मुफ्त जांच और उपचार की सुविधा

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार उलेखिया के अनुसार, क्लिनिक में मरीजों को मुफ्त जांच और उपचार की सुविधा दी जा रही है। यहां सांस फूलने, लगातार खांसी, सीने में दर्द, थकान या भारीपन, बच्चों में लक्षण और पुनः आने जैसी समस्याओं की जांच की जाएगी। इसके अलावा फेफड़ों और हृदय से जुड़ी कुछ बीमारियों से पीड़ित मरीजों की निशुल्क सिफारी की भी जाएगी।

क्लिनिक में प्रशिक्षित चिकित्सा कर्मचारियों और आवश्यक जांच उपकरणों की व्यवस्था की गई है, ताकि गरीबों की स्थिति का लिहाजे स्वास्थ्य जरूरत के अनुसार उपचार किया जा सके। डॉ. उलेखिया ने नागरिकों से अपील की है कि सांस या फेफड़ों से जुड़ी परेशानी को नजरअंदाज न करें और सुरक्षात्मक लक्षण दिखाई देने पर जिला अस्पताल में जांच कराएं। लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है, लेकिन इसके साथ सड़कों की मरम्मत, सीवेज कार्य के बाद गलियों की दुरुस्तीकरण और धूल नियंत्रण के उपाय भी आवश्यक हैं।

सड़क हादसे में दोनों बाइक सवारों की मौत, कार चालक फरार

हादसे के बाद दोनों वाहनों में लगी आग

डीआर संवाददाता»सीहोर।

जिले से सीहोर रोड पर रायसेन-सीहोर रोड पर रायसेन पेट्रोल पंप के पास एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दिलीप और रफीक की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों की गंभीर हालत में भोपाल रेफर किया गया था, जहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।



जानकारी के अनुसार, टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक चालक को करीब दूर तक घसीटती ले गई। दुर्घटना के दौरान कार और बाइक में आग लग गई। हादसे के बाद सड़क पर अफरा-तफरी की स्थिति मच गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। दमकलकर्मियों ने आगी गाड़ियों के बाद आग पर काबू पाया। इसके बाद दोनों वाहनों को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए 108 ऐंबुलेंस से भोपाल रेफर किया गया था।

हादसे के बाद कार चालक फरार

दुर्घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। दुर्घटनास्थल बाइक सुबह तक कार के नीचे दबी रही। वहीं, कार की नंबर प्लेट भी गायब बताई गई है। इससे वाहन की पहचान करने में पुलिस को जांच करनी पड़ रही है।

श्यामपुर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा कार्रवाई की और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस हादसे के कारणों, कार की पहचान और फरार चालक के संबंध में जानकारी जुटा रही है।

न्यूज गैलरी

योजना रू 2,216 विद्यार्थियों को मिली छात्रवृत्ति

सीहोर। शैक्षणिक संस्थानों के चालू सत्रों को जिला जारी रखने और उच्च शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य शासन एकलव्य जिला छात्रवृत्ति योजना के माध्यम से आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है। 2025 26 में योजना के अंतर्गत कुल 2,216 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति दी गई।

प्रधान डाकघर में 31 तक आधार अपडेट शिविर

सीहोर। प्रधान डाकघर सीहोर ने 28 अक्टूबर से आधार कार्ड बनाने और अपडेट करने के लिए विशेष शिविर आयोजित हो रहे हैं। 31 अक्टूबर तक लगने वाले इस शिविर में सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक आधार संबंधी कार्य हो रहे हैं। इसमें बच्चों, महिलाओं और पुरुषों के नए आधार कार्ड बनाने के साथ पुराने आधार में संशोधन और अपडेट की सुविधा भी मिल रही है। शिविर के दौरान आधार कार्ड में नाम, जन्मतिथि, पता, फोटो बायोमेट्रिक जानकारी जा सकेगी।

प्रदेशभर में पेंशनर्स का दो घंटे धरना-प्रदर्शन कल

सीहोर। प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन ने 28 अक्टूबर को प्रदेश के जिला मुख्यालयों पर दो घंटे का धरना-प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। संगठन ने कहा कि राज्य सरकार के उपेक्षापूर्ण रवैये के विरोध में यह आंदोलन होगा। प्रांतीय अध्यक्ष श्याम जोशी, जगन्नाथसिंह केएल बैरागी के आह्वान पर सीहोर में दोपहर 12 से 2 बजे तक कलेक्टर कार्यालय के सामने प्रदर्शन होगा।

रबी सीजन के लिए जिला स्तरीय उड़नदस्ता गठित

सीहोर। उपकलेक्टर बालमुकुंद के निर्देशानुसार उर्वरक, कीटनाशक औषधि एवं बीज की गुणवत्ता पर निगरानी रखने के लिए जिला स्तरीय गुणवत्ता नियंत्रण उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। जिला स्तरीय दल में सहायक संचालक कृषि अनिल कुमार जाट, दल प्रभारी अधिकारी खरतरसिंह देवड़ा सहित संबंधित विकासखंडों के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एवं सहायक कृषि विकास अधिकारी शामिल रहेंगे।

सीहोर में अर्थनग्न होकर कोटवारों ने किया प्रदर्शन, वेतनवृद्धि और नियमितीकरण की मांग

डीआर संवाददाता»सीहोर

तीन सूत्रीय मांगों को लेकर इकलास कर रहे कोटवारों ने सोमवार को जिला मुख्यालय स्थित टाउन हॉल के सामने अर्धनग्न होकर प्रदर्शन किया। कोटवारों ने शासकीय कार्यों का एकलव्य जिला छात्रवृत्ति योजना के माध्यम से आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है। 2025 26 में योजना के अंतर्गत कुल 2,216 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति दी गई।



के खिलाफ इकलास कोटवार सांकेतिक ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उनकी लगभग पूरी मांगों का आश्वासन दिया था। उनके अनुसार, उसी उपलब्ध कराई गई और बैठक में सहमति बनी थी, लेकिन वर्तमान में वादों की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने कहा कि कोटवार गांव और शासन के बीच महत्वपूर्ण कड़ी हैं, इसलिए उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए।

राजस्व कार्य प्रभावित होने का दावा

कोटवारों को हड़ताल से सीमांकन, बटवारा, अन्य दैनंदिन और शासकीय कार्यों में सूचनाओं के आदान-प्रदान जैसे राजस्व कार्य प्रभावित होने की बात कही गई है। कोटवारों का कहना है कि उनके माध्यम से कई सरकारी विभागों के काम भी लिए जाते हैं।

संघ के अनुसार, सीहोर जिले के एक हजार से अधिक कोटवार 30 अक्टूबर तक हड़ताल पर रहेंगे। इसके बाद कलेक्टर को सुरेशमंडी के नाम ज्ञापन सौंपने और भोपाल में प्रदर्शन करने की चेतावनी है। प्रदर्शन में जिला और तहसील स्तर के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में कोटवार शामिल हुए।

सीहोर में मकान में लगी आग, 12 लाख रुपए का सामान जला



डीआर संवाददाता»सीहोर

शहर की अंजुमी शाह कॉलोनी में सोमवार को सलमानखान के मकान में अचानक आग लग गई। आग तेजी से फैलने के कारण घर में रखा सामान जलकर खाक हो गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, हादसे में करीब 12 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। वहां की बात यह रही कि सलमान खान और कोई जानकारी नहीं हुई।

दमकल टीम ने पाया आग पर काबू

मकान से अचानक आग की लपटें उठने लगीं। धुआं देखकर आसपास के लोगों ने अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही सीहोर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने का काम शुरू किया। लगातलगभग अस्सि आग, अनेक और आसिक ने प्रयास तब आग पर काबू पाया। टीम ने आग को आसपास के मकानों तक फैलने से भी रोक दिया।

लकड़ी, गहने और शादी का सामान जला

आग में लकड़ी, कपड़े और शादी के लिए रखा सामान जलने से परिवार को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। घटना के वक्त परिवार सदस्य घर में थे। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता और क्षतिग्रस्त मुआवजा उपलब्ध कराने की मांग की है। आग लगने के कारणों की विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है।

पकड़े गए लुटेरे, दोनों को 7-7 साल की सजा

डीआर संवाददाता»सीहोर

इदौर मोहल्ला राष्ट्रीय राजमार्ग पर कुबेरेश्वर धाम के पास स्लीपर बस से यात्रियों को लूटपाट करने वाले इंदौर के दो आरोपियों को सीहोर न्यायालय ने सात-सात साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। मामले में चंदा टोल चालक के सीसीटीवी फुटेज ने आरोपियों तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।

अपर लोक अभियोजक शाहना रईस के अनुसार, घटना 3 दिसंबर 2025 की रात करीब 12:30 बजे हुई थी। अर्जुन गालवीय अपने साथियों के साथ भोपाल से आगरा जाने के लिए स्लीपर बस में सवार थे। ड्राइवर बस के पास दो युवकों ने अर्जुन और सुमित मालवीय को जबरन बस से उतार लिया।

निर्माणाधीन इमारत में की मारपीट

आरोपी दोनों युवकों को मोटरसाइकिल से पेट्रोल पंप से पीछे निर्माणाधीन इमारत में ले गए। वहां मारपीट कर अर्जुन से 30 हजार रुपये नकद और मोबाइल फोन लूट लिया। इसके बाद दोनों को धमकाया गया कि अगर उन्होंने पुलिस को सूचना दी तो उन्हें जान से मार दिया जाएगा। घायल अवस्था में ड्राइवर पहुंचा तो वहां मौजूद अन्य यात्रियों ने घटना की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

न्यायालय ने सुनाई सजा

द्वितीय अपर एवं सत्रन्यायाधीश एमडी खर्रे की अदालत ने साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर दोनों आरोपियों को दोषी ठहराया। न्यायालय ने प्रत्येक आरोपी को सात वर्ष के सश्रम कारावास और पांच हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

आकाश चंदेल बने मध्य प्रदेश आपूर्ति अधिकारी संघ के प्रांताध्यक्ष 138 मत पाकर दर्ज की जीत

डीआर संवाददाता»सीहोर

मध्य प्रदेश आपूर्ति अधिकारी संघ, भोपाल के प्रांताध्यक्ष पद के लिए संपन्न हुए निर्वाचन में खनिज आपूर्ति अधिकारी, सीहोर श्री आकाश चंदेल निर्वाचित घोषित किए गए।



श्री चंदेल को कुल वैध मत मिले। उनके प्रतिद्वंद्वी श्री संदीप भार्गव को 59 और श्री एल.एस. रघुवंशी को 9 मत प्राप्त हुए। कुल वैध मतों के आधार पर श्री चंदेल को विजयी घोषित किया गया। निर्वाचन अधिकारियों ने संपूर्ण प्रक्रिया निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराई।

निर्वाचन के बाद खाद्य विभाग के उप सचिव श्री डी. के. भोंसले, खाद्य नियंत्रक ईगीर श्री मोहन यादव, अपर संभागीय श्री शशांक मिश्रा और श्री इंदौर सिंह ने श्री चंदेल को शुभकामनाएँ दीं। संघ के पूर्व प्रांताध्यक्ष श्री सुरेश बर्मा और श्री संतोष उईके, मध्य प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ के पूर्व प्रांताध्यक्ष श्री जी.के. उइके और वर्तमान अध्यक्ष डॉ. संतोष कुमार गांगी, मध्य प्रदेश नियंत्रकाधिकारी संघ के प्रांताध्यक्ष श्री अनिल बाजपेई तथा मध्य प्रदेश नागरिक आपूर्ति अधिकारी संघ के पूर्व अध्यक्ष श्री मनोज कुमार कोठारी ने भी बधाई दी। संगठनात्मक चुनाव प्रदेश के विभिन्न जिलों के अधिकारियों ने भी उनको सफल कार्यकाल की कामना की।

निर्वाचित होने के बाद श्री चंदेल ने सभी सदस्यों और वरिष्ठ अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह जीत सदस्यों के विश्वास और संघ की एकता की जीत है, और वे संघ, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ कार्य करेंगे।

चल समारोह

वाल्मीकि जयंती चल समारोह का कोतवाली चौराहे पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने किया भव्य स्वागत

चल समारोह के अध्यक्ष उमेश पारीचे एवं उनकी पूरी टीम का किया सम्मान

डीआर संवाददाता»सीहोर

महर्षि वाल्मीकि जयंती के पावन अवसर पर निकले गए चल समारोह का कोतवाली चौराहे पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर चल समारोह के अध्यक्ष उमेश पारीचे एवं उनकी पूरी टीम का पुष्पमालाओं से स्वागत कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक सद्भाव, एकता और महर्षि वाल्मीकि के आदर्शों के प्रति सम्मान का भाव देखने को मिला।



राठौर ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी का जीवन और उनके विचार समाज को सदैव सत्य, धर्म, समरसता और नागवाल के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने रामायण जैसे महान ग्रंथ की रचना कर भारतीय संस्कृति और समाज को अमूल्य धरोहर प्रदान की है। महर्षि वाल्मीकि जी के आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं और हमें उनके बताए मार्ग पर चलकर एक समरस एवं सशक्त समाज के निर्माण में योगदान देना चाहिए। आगे बोलते हुए उन्होंने कहा कि वाल्मीकि जयंती केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज में आपसी भाईचारे, सम्मान और एकता को मजबूत करने का अवसर है। नगर पालिका सदैव ऐसे सामाजिक एवं धार्मिक आयोजनों का सम्मान करती है और सभी समाजों के साथ मिलकर शहर के विकास एवं सामाजिक समरसता के लिए प्रतिबद्ध है।

इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष विपिन वाडासे, पार्षद राजेश भाटी, विजेंद्र परमार, अर्जुन राठौर, जगदीश रघुवंशी, संतोष साहू, प्रदीप गौतम,मानू दादा, क्रमलेश कुशवाह, राहुल साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने चल समारोह का स्वागत कर महर्षि वाल्मीकि जी के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की।

बीएसआई मैदान पर भोपाल का धमाका, राजगढ़ के खिलाफ 496 रन बनाए

डीआर संवाददाता»खेती।



सेहत के बीएसआई मैदान पर खबरदेश क्रिकेट एसोसिएशन के निर्देश और बीडीसीए के सहयोग से जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। सोमवार को भोपाल और राजगढ़ के बीच शुरू हुए दो दिवसीय मुकाबले में भोपाल ने पहली पारी में 90 ओवर में 4 विकेट खोकर 496 रन बनाए। भोपाल की ओर से प्रवरान ने 214 गेंदों पर 201 रन और सुहृदय ने 220 गेंदों पर 169 रन की शानदार पारियां खेलीं। वहीं आर्यम सानी ने 53 गेंदों पर 56 रन का योगदान दिया। राजगढ़ की ओर से निशांत, मानवेन्द्र और मनोज ने एक-एक विकेट लिया। राजगढ़ ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी थी।

प्रतियोगिता का आयोजन विधायक एवं एसोसिएशन अध्यक्ष सुदेश राय के मार्गदर्शन में हो रहा है। इस दौरान क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारियों, पत्रकारों, निर्णायकों और कोचों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, शैलंद्रा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर | कार्तिक कृष्ण पक्ष,02- 2083 | सीहोर, दिन मंगलवार,दिनांक 27 अक्टुबर 2026

न्यूज गैलरी

वार्ड 15 में कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात

आष्टा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो उद्बोधन 'मन की बात' के 128वें एपिसोड का रविवार को वार्ड क्रमांक 15 के बूथ क्रमांक 186 स्थित विधायक कार्यालय में सीधा प्रसारण हुआ। विधायक गोपाल सिंह इंजनियर की मौजूदगी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से कार्यक्रम सुना। इस दौरान प्रधानमंत्री के सामाजिक सरोकार, जनभागीदारी, राष्ट्र निर्माण और जनकल्याण से जुड़े संदेशों पर मंथन किया गया। कार्यक्रम के बाद कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

विद्यार्थियों का नौ दिवसीय नेपाल शैक्षणिक भ्रमण संपन्न

भैरोंगढ़ा। राय साहब भार सिंह पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों का नौ दिवसीय नेपाल शैक्षणिक भ्रमण संपन्न हुआ। 17 अक्टूबर को रवाना हुआ दल 25 अक्टूबर को वापस लौटा। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने काठमांडू में पशुपतिनाथ मंदिर, स्वयंभूनाथ और बौद्धनाथ स्तूप सहित प्रमुख स्थलों का भ्रमण किया। नागरकोट में हिमालयीन सौंदर्य और सूर्योदय का आनंद लिया। पोखरा में फेवा झील, मुक्ति-धाम मंदिर और सर्वोच्च पीस पैगोडा जैसे स्थलों को रोमांचकर विद्यार्थियों ने नेपाल की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत को करीब से जाना।

महर्षि वाल्मीकि सभी के आदर्श रू निशांत वर्मा

सीहोर। महर्षि वाल्मीकि जयंती पर शहर में श्रद्धा और उत्साह के साथ चल समारोह निकाला गया। निशांत वर्मा के नेतृत्व में हजारों साथियों ने समारोह में शामिल होकर महर्षि वाल्मीकि को नमन किया। इस दौरान निशांत वर्मा और पलिन ठाकुर सहित सांसदों ने समारोह आयोजन समिति प्रतीनों और वाल्मीकि समाज के सदस्यों का पुष्पहार से स्वागत किया। निशांत वर्मा ने समाजजनों को जयंती की शुभकामनाएं देते हुए महर्षि वाल्मीकि के आदर्शों को अपनाने का संदेश दिया। आयोजन में सामाजिक समरसता का गहरा रंग रहा।

प्रधान डाकघर में आधार अपडेट शिविर 31 अक्टूबर तक

सीहोर प्रधान डाकघर में 26 से 31 अक्टूबर तक आधार कार्ड बनाने और अपडेट करने के लिए विशेष शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर का समय सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक निर्धारित है। यहां बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों के नए आधार कार्ड बनाने के साथ नाम, जन्मतिथि, पता, फोटो और बायोमेट्रिक जानकारी में सुधार की सुविधा मिलेगी। डाकघर के अनुसार, नए आधार कार्ड निःशुल्क बनाए जाएंगे और पहला अपडेट भी मुफ्त होगा। नागरिक निर्धारित समय में पहुंचकर सुविधा का लाभ ले सकते हैं।

निर्धारित समय-सीमा में लक्ष्य पूरे करें रू कलेक्टर

सीहोर। कलेक्टर बालगुरु के. ने स्थानीय योजना के तहत दस्तावेजों के संकलन की प्रगति को लेकर संबंधित राजस्व अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्धारित लक्ष्यों को समय-सीमा में पूरा करने के लिए कार्ययोजना बनाकर व्यवस्थित तरीके से काम किया जाए। कलेक्टर ने तहसीलदारों से स्मार्ट वर्क को बढ़ावा देने और पंजीयन प्रक्रिया में तेजी लाने पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि योजना से जुड़े कार्यों की नियमित निगरानी करते हुए

विरोध जताया | कुबेरेश्वरधाम में राधा नाम संकीर्तन के साथ सजा डोडिया महोत्सव

छह क्विंटल से अधिक खीर का लगाया भोग, श्रद्धालुओं को वितरित की भोजन प्रसादी,

डीआर संवाददाता>सीहोर,



जिला मुख्यालय के समीपस्थ भिलावलिया हेमा स्थित प्रसिद्ध कुबेरेश्वरधाम में सावन पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्री कुबेरी मनोहर मंदिर में भगवान का विशेष शृंगार किया गया। मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया, वहीं गगनचुंबी शिव के चंद्रमौली स्वरूप, प्रभु श्रीगणेश और भगवान श्रीकृष्ण सहित के दिव्य स्वरूपों की एक साथ झलक श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण रही। महोत्सव में छह क्विंटल से अधिक खीर का भोग लगाया गया और 36 हजार से अधिक श्रद्धालुओं को भोजन प्रसादी वितरित की गई।

अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्र के सानिध्य में आयोजित इस महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर धर्मलाभ प्राप्त किया। राधा नाम संकीर्तन से बाल तापिका महोत्सव प्रारंभ हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने घंटे और खंजरी के साथ भक्तिमय प्रस्तुति दी। शाम गोपी की लीला हुई पर कदाचु श्रृंगार हुआ तब भक्त झूमते नजर आए। इसके बाद आयोजित वार्षिक गहोत्सव में होली ने उत्साहपूर्वक नाम लिया। कलाकारों ने रूपकात्मक श्रीकृष्ण की लीलाओं पर आधारित प्रस्तुतियों पेश की, जिन्हें श्रद्धालुओं ने मंत्र मोह लिया। मंदिर परिसर में सजे धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने शाम को दिव्य भक्तिमय वातावरण में बदल दिया।

परम्पराओं के मार्ग पर चलने के लिए अहंकार और लोभ का त्याग जरूरी

पंडित मिश्रा ने कहा कि परम्पराओं के मार्ग पर चलने वाले व्यक्ति का जीवन सर्वाधिक शांत है, लेकिन इस मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए अहंकार, निंदा, लोभ और अनावश्यक महत्वाकांक्षाओं जैसी प्रवृत्तियों का त्याग करना अनिवार्य है। रूपांत्र कहा इन दुष्प्रवृत्तियों से दूर होकर प्रेम, भक्तिभाव और सेवा को अपनाता है, तभी उसके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है। उन्होंने राधा नाम की महिमा बताते हुए कहा कि लोहान के ईश्वर का नाम स्मरण करना अत्यंत सरलकर है।

राधा नाम से नव को मिलती है शांति रू पंडित प्रदीप मिश्रा

इस अवसर पर पंडित प्रदीप मिश्रा ने राधा नाम की महिमा बताते हुए कहा कि लोहान के ईश्वर का नाम स्मरण करना अत्यंत सरलकर है।

मधन-कीर्तन और संकीर्त के माध्यम से व्यक्ति का मन एकाग्रित होता है तथा अशांति और तनाव से राहत महसूस होती है। राय साहब एक दल में राधी बताते हुए कहा कि जब मन जोड़े है, तो उसका मन भक्ति में एकाग्र होने लगता है और वे स्वयं को ईश्वर से जुड़ा हुआ अनुभव करने हैं।

दीपावली पर कानून-व्यवस्था एवं सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करें

डीआर संवाददाता>सीहोर,

दीपावली के आगामी त्योहार को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर बी बालगुरु के. ने जिले के सभी कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों को अमन-चैन-व्यवस्था बनाए रखने तथा नागरिकों की सुरक्षा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों से पुलिस के साथ समन्वय स्थापित कर त्योहार के दौरान शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने के लिए प्रभावी कार्रवाई करने को कहा है।

कलेक्टर श्री बालगुरु के. ने निर्देश दिए हैं कि पटाखों की बिक्री के लिए निर्धारित स्थलों की पहचान कर उन्हें अधिसूचित किया जाए। सभी पटाखा विक्रेता आवश्यक अनुमति प्राप्त कर निर्धारित स्थलों पर ही पटाखों की बिक्री करें। अवैध पटाखों की बिक्री पर प्रभावी रोक लगाई जाए तथा संबंधित नियमों और सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को पटाखा दुकानों का नियमित निरीक्षण करने और सभी निर्धारित स्थलों पर अग्नि सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए हैं।

कलेक्टर ने खंड विकास अधिकारियों (बीएमओ) से खंड मुख्यालय तथा जिले के अस्पतालों में पटाखों से होने वाली दुर्घटनाओं और जलने की घटनाओं के संभावित के लिए आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अस्पतालों में बर्न यूनिट सहित जरूरी उपचार व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में प्रभावित लोगों को तत्काल चिकित्सा सहायता मिल सके। कलेक्टर श्री बालगुरु के. ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशों का गंभीरता से पालन करने तथा दीपावली के दौरान किसी भी अप्रिय घटना की रोकथाम के लिए सतर्क एवं सक्रिय रहने को कहा है। उन्होंने कानून-व्यवस्था, पटाखों की सुरक्षित बिक्री और अग्नि सुरक्षा से संबंधित व्यवस्थाओं की प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

सीहोर में रात का तापमान 2 डिग्री गिरकर 17 पर पहुंचा

डीआर संवाददाता>सीहोर,



जिले में गोधन का निकास बढ़ाने लगा है। पिछले सात दिनों से अधिकतम तापमान 33.5 डिग्री सेल्सियस पर स्थिर बना हुआ है, जबकि रात के तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। शनिवार को न्यूनतम तापमान दो डिग्री गिरकर 17 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया।

पिछले वर्ष 26 अक्टूबर को अधिकतम तापमान 31 डिग्री और न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। इस वर्ष दिन का तापमान अधिक, जबकि रात का तापमान कम बना हुआ है।

बादल छाने और बारिश के आसार

क्रान्तिके कॉलेज रिसर्च एसोसिएट कृषि मौसम सेवा केंद्र के मौसम विशेषज्ञ डॉ. सतेंद्र सिंह तोमर के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में सक्रिय चक्रवाती सुरास के प्रभाव से हवाओं का रुख पूर्वी हो गया है। अगले 36 घंटे में जिले में बादल छाने की संभावना है। इससे रात के तापमान में थोड़ी और गिरावट हो सकती है। बादलों के भी बारिश के संकेत मिल रहे हैं।

केसरिया ध्वज लेकर चले घुड़सवार बग्घी में धनुष-बाण लिए बैठे

डीआरसंवाददाता>इछावर

महर्षि वाल्मीकि जयंती पर सोमवार को इछावर में शोभायात्रा का भव्य चल समारोह निकाला।

केसरिया ध्वज लेकर सवारी अश्वों पर घुड़सवार चले, वहीं बग्घी में धनुष-बाण लिए दो साधक आकर्षण का केंद्र रहे। महर्षि वाल्मीकि की झांकी के पीछे सैकड़ों भजनी बाबे श्रद्धालु चल रहे थे।

गोधिलाई ढोल की धुन पर कूद करती हुई कलशेर में शामिल हुई।

पूरा समारोह की सुरक्षाव्यवस्था जनपद सीट स्थित वाल्मीकि चौराहे से हुई। यहां से जुलूस गाम डीराहा, जावदपुरा और कस्बा होते हुए अंतत: मीरू पहुंचा। यहां हिंदू उत्सव समिति के पुष्पमालें कर स्वागत किया। इसके बाद चल समारोह ग्राम देवी दरबार मैदान पहुंचा, जहां आरती के बाद समापन हुआ। समारोह में पार्षद अकरमा पंवार, जितेन्द्र पंवार और धर्म पंवार आदि शामिल थे।

बजरंग बस्ती में निकला आरएसएस का पथ संचलन, जगह-जगह हुआ स्वागत

डीआर संवाददाता>सीहोर,

शहर की बजरंग बस्ती में सोमवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का पथ संचलन निकाला गया। गणवेशधारी स्वयंसेवकों ने अनुशासित घोषों की गूंज के साथ लोगों का ध्यान आकर्षित किया। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर संचलन का स्वागत किया।

पथ संचलन की शुरुआत बजरंग बस्ती स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय परिसर से हुई। स्वयंसेवक बजरंग कॉलोनी, अटेडिया विहार, साईं कॉलोनी, लक्ष्मी मंडी, खत्री मार्केट, सुवासरा रोड और कानीपुरा से होते हुए पुनरा रहाणीकरण पहुंचे, जहां कार्यक्रम का समापन हुआ। इससे पहले स्वयंसेवकों को बौद्धिक मार्गदर्शन दिया गया।

जिला कार्यवाह संतोष तोमर ने अपने उद्बोधन में राष्ट्र निर्माण और संगठनशक्ति में कार्य करने पर जोर दिया।

महर्षि वाल्मीकि जयंती के चल समारोह का किया भव्य स्वागत

डीआरसंवाददाता>आष्टा।



महर्षि वाल्मीकि जयंती के पावन अवसर पर शहर में श्रद्धा, उत्साह और सामाजिक समरसता का माहौल देखने को मिला। जयंती के अवसर पर निकाले गए चल समारोह का समाजसेवी एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शंकर राय ने आत्मीयता के साथ स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने महर्षि वाल्मीकि जी के चित्र पर नमन करते हुए उनके आदर्शों और विचारों को स्मरण किया। श्री राय ने महर्षि वाल्मीकि जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी का जीवन समाज को सत्य, सदाचार, समानता और भाईचारे के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उनकी शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं और समाज में सद्भाव, भाईचारे तथा नैतिक मूल्यों को मजबूत करने का संदेश देती हैं।

उन्होंने कहा कि महापुरुषों की जयंती केवल उत्सव मनाने का अवसर नहीं है, बल्कि उनके बताए मार्ग पर चलने की प्रेरणा लेने का भी दिन है। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार पार्थेन्द्र यादव, समाजसेवी गुलशन गायु, गोविन्द शर्मा, गायत्री पाण्डे और प्रवेश राजपूत आदि शामिल थे।

महर्षि वाल्मीकि जयंती पर कांग्रेसजनों ने किया चल समारोह का भव्य स्वागत

डीआर संवाददाता>आष्टा।



महर्षि वाल्मीकि जयंती के पावन अवसर पर चल समारोह निकाला गया। इस मौके पर नगरपालिका अध्यक्ष गिरिजा उर्मे की पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश भूत यादव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों ने शामिल और सम्मान किया।

इस मौके महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर श्रद्धा, सेवा और उत्साह के साथ निकाले गए चल समारोह के अवसर उपस्थ भारीये सहित अन्य समिति के पदाधिकारियों को भव्य आयोजन के लिए बधाई दी। पूर्व जिला कांग्रेस प्रवक्ती अध्यक्ष बीजाया परमार, अीन वर्मा, राजीव वर्मा, राजाराम बड़े भाई, योगेंद्र राय, राजा प्रजापति, राजकुमार विश्वकर्मा, प्रीतम दयाल चौरसिया, हरीश आर्य, गणेश कुशवाह, आदि शामिल थे।

चल समारोह | अजमीढ़जयंती पर आष्टा में निकला चल समारोह, स्वर्णकार समाज ने दिखाई एकजुटता

गल चौराहे पर नगरपालिका की ओर से स्वागत, समाज के पदाधिकारियों और वरिष्ठजनों का किया सम्मान

डीआर संवाददाता>सीहोर



महाराजा श्री अजमीढ़ जी की जयंती के अवसर पर सोमवार को श्री गौड़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज और युवा संगठन की ओर से नगर में चल समारोह निकाला गया। आयोजन में समाज के लोगों ने उत्साह के साथ भाग लिया। समारोह के दौरान सामाजिक एकता, सांस्कृतिक परंपराओं और महापुरुषों के आदर्शों को याद किया गया। नगर के प्रमुख मार्गों से निकले चल समारोह का जगह-जगह स्वागत किया गया।

मानस भवन से शुरू हुआ चल समारोह

चल समारोह की शुरुआत श्री नानस भवन परिसर से हुई। यहां से समाजबंधु नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए आगे बढ़े। चल चौराहे पर नगरपालिका की ओर से मंच तैयार कर समारोह का स्वागत किया गया। इस दौरान समाज के पदाधिकारियों और वरिष्ठजनों का सम्मान भी किया गया।

नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेंद्र मेवाड़ा के नेतृत्व में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समाज अध्यक्ष मोहन सोनी, समाज अध्यक्ष मोहन सोनी, महिला मंडल अध्यक्ष रचना सोनी और युवा संगठन अध्यक्ष सागर दीगरवाल सहित अन्य पदाधिकारियों एवं वरिष्ठजनों का सम्मान किया गया।

महापुरुषों के आदर्श अपनाने का आह्वान

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने महाराजा अजमीढ़ जी के जीवन और आदर्शों पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को एकजुट करने के साथ नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत और परंपराओं से जोड़ने का माध्यम बनते हैं।

उन्होंने समाजजनों से आपसी सहयोग और एकता बनाए रखने का आह्वान किया।

समारोह में पार्षद रवि शर्मा, सुभाष नामदेव सहित अन्य पणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। आयोजन के माध्यम से समाज के लोगों ने महाराजा अजमीढ़ जी को याद करते हुए उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया।

मां अंबे गरबा उत्सव का समापन, मंदिर जीर्णोद्धार के लिए 2.51 लाख रुपये की घोषणा

डीआर संवाददाता>सीहोर।



नगर के नगरराज स्थित श्री लोमशेश्वर राम मंदिर परिसर में दो दिवसीय मां अंबे महागरबी गरबा उत्सव का समापन हुआ। दूसरे दिन विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए 2 लाख 51 हजार रुपये देने की घोषणा की। वहीं, समिति को 11 हजार रुपये की राशि भी प्रदान की गई।

सुप गरबा प्रतियोगिता में नवरंग गरबा सुप अंजनी नगर ने प्रथम, लच्छे गरबा सिलावद ने द्वितीय और सुप सुभाष चौक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में खुशी सुतरिया को प्रथम पुरस्कार मिला। कार्यक्रम में सांत्वना पुरस्कार भी वितरित किए गए। आयोजन में सम्मिति सदस्य और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। संचालन का संचालन हंसा अवतेसिया और मनीष डोंगरे ने किया।

डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ | कार्तिक कृष्ण पक्ष-02, 2083 | विदिशा, दिन मंगलवार, दिनांक 27 अक्टूबर, 2026

न्यूज गैलरी

लाइन शिफ्टिंग के कारण आज 3 घंटे बिजली बंद

विदिशा। रामकली कॉलोनी विकास कार्यों के तहत मंगलवार को इलाके में सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। एक्सईएनकांक के मुताबिक 11 केवी रामकली कॉलोनी फीडर से लाइन शिफ्टिंग का काम होना है।

5 या कम छात्रों वाले 58 स्कूलों में भी पढ़ाई जारी

विदिशा। जिला प्रशासन ने बच्चों कि मध्य प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप कलेक्टर अहुल गुप्ता के मार्गदर्शन में जिले के सभी शासकीय विद्यालयों में दर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही है। जिले में 58 शासकीय विद्यालय ऐसे हैं, जहां पांच या उससे कम विद्यार्थी पढ़ रहे हैं।

किसानों को मिलेगा पर्याप्त प्रमाणित बीज, भंडारण पूरा

विदिशा। आगामी खरी मौसम में किसानों को गुणवत्तापूर्ण, प्रमाणित बीज आसानी से उपलब्ध कराने के लिए जिले में विभिन्न खरी फसलों के बीज का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित किया गया। विदिशा जिले में गेहूं, चना, मसूर, सरसों सहित प्रमुख फसलों के प्रमाणित और आधार बीज का पर्याप्त भंडारण है।

पंचायत मंत्री आज शहर में

विदिशा। मप्र शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल सेंट मेरी कॉलेज में रखे गए कार्यक्रम में मंगलवार की सुबह 11 बजे शामिल होने पहुंचेंगे। कॉलेज में सुबह राय की पुष्पवृष्टि के बीच्के पर तीन मिनीबस सर्वलेक रखा गया है।

सोनी समाज ने मनाई महाराज अजमीढ़ जयंती

विदिशा। स्वर्णकार समाज के आदिपुरुष हरिसनगंज नरेश 1008 महाराजा अजमीढ़ जी जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं आरती की गई। इसके पश्चात खीर प्रसादी वितरण किया गया। विशेष पुरूष, महिलाएं उपस्थित रहीं। मैत्र कवित स्वर्णकार समाज समाज के जिलाध्यक्ष राकेश सोनी, राजेश सोनी खुबल, नगर अध्यक्ष सुरेश सोनी, दीपक मंडर, नरेन्द्र सोनी, सुरेश सोनी सावन, नीलेश सोनी, विजय सोनी, किशोर सोनी, लोकेश सोनी, अरविंद सोनी, भुवनकिशोर सोनी, संजय सोनी, शुभम सोनी, शेखर सोनी, राकेश सोनी, सुरज सोनी, विजय सोनी, कृष्ण सोनी सहित अनेक महिलाएं मुकल उपस्थित रहे।

गोवंश आधारित जैविक कृषि में बालकृष्ण को मिला द्वितीय पुरस्कार

विदिशा। मटेरन ब्लॉकिल के ग्राम खाल पगरिया निवासी बालकृष्ण विश्वकर्मा को गोवंश आधारित जैविक कृषि के उ क्षेत्र में द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। स्वतंत्र प्रभाकर राव केलकर स्मृति में आयोजित पुरस्कार समारोह में उन्हें रु प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। आयोजकों ने कहा कि इस प्रकार की जैविक कृषि से भारतीय कृषि परंपरा को मजबूत करने के साथ पर्यावरण संरक्षण और पशुधन के है संवर्धन को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

अपर की अध्यक्षता में बैठक

विदिशा। जनगणना द्वितीय चरण के अंतर्गत जनसंख्या गणना की प्रक्रिया को सुचारू, व्यवस्थित एवं समयबद्ध रूप से करने के उद्देश्य से अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तर पर प्रगतिक तैयारियों की समीक्षा बैठक

मोदी के दिवंगत पिता पर कथित टिप्पणी के विरोध में विदिशा में पुतला दहन, भाजपा ने कांग्रेस को घेरा

भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन, विधायक हुए शामिल

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा



शहरवासी नरेंद्र मोदी के दिवंगत पिता को लेकर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की कथित टिप्पणी के विरोध में भाजपा कार्यकर्ताओं ने विदिशा के गायत्रीगंज चौराहे पर प्रदर्शन कर पुतला दहन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए कथित बयान पर नाराजगी जताई। भाजपा नेताओं ने राजनीतिक विरोध के बीच मर्यादित और पारिवारिक सम्मान बनाए रखने की जरूरत पर जोर दिया। प्रदर्शन में जिलाध्यक्ष मुकेश टंडन सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए।

भाजपा नेताओं ने कथित टिप्पणी की आलोचना करते हुए कहा कि राजनीतिक बहस में मां की मर्यादा बनाए रखना आवश्यक है। पार्टी नेताओं ने कांग्रेस नेतृत्व से सार्वजनिक जीवन में सक्रिय व्यक्तियों को अपनी भाषा और व्यवहार में संयम बरतने की अपील की है। राजनीतिक असहमति व्यक्त करते समय भी शालीनता और मर्यादा का ध्यान रखा जाना चाहिए।

टंडन ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कांग्रेस नेतृत्व कि पार्टी सत्ता से बाहर रहने के कारण लगातार ऐसे मुद्दों की उठा रही है। उन्होंने कहा कि जनता राजनीतिक घटनाक्रम को समझती है और चुनाव के दौरान उसने सब के सामने से प्रतिक्रिया देती है। भाजपा नेताओं ने विश्वास व्यक्त कि पार्टी को आगामी चुनावों में जनता का समर्थन मिलेगा। वोट चोरी के आरोपों पर भी कांग्रेस से सबूत

राजनीतिक मतभेदों के बीच मर्यादा जरूरीरू विधायक

विधायक मुकेश टंडन ने कहा कि राजनीति में वैचारिक मतभेद होना स्वाभाविक है, लेकिन किसी के परिवार और दिवंगत परिजनों के प्रति सम्मान बनए रखना सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक जीवन में सक्रिय व्यक्तियों को अपनी भाषा और व्यवहार में संयमबरतना चाहिए।

भाजपा के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता रहे मौजूद

गायत्रीगंज चौराहे पर हुए पुतला दहन कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा, जिला पंचायत पंकज पांडे, मंडल उपा. रामनारायण पटेलबन्ना, सुरेश सोहाना, दिनेश कुशवाहा, प्रशांत खरे, अंकित दुबे, प्रदीप यादव, सतीष पंवार, सुनील साहू, रामप्रसाद पाराशी, विनीता राठ, सतार मीणा, विमलेश गहू, कौशल गाडी, प्रवेश जैन, निसहित भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के संचालन से पालना ने उपस्थित देवियों को प्रति अपना विनम्र दर्द व्यक्त। साथ ही पार्टी नेताओं ने राजनीतिक संवाद में मर्यादा, शालीनतासंयम और व्यक्तिगत सम्मान बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस की

का सच कब्रा चाहिए।

उन्होंने सांसद खरगे कि सार्वजनिक जीवन की जीत के बाद चुनाव आयोग और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) को लेकर सवाल उठाते हैं, जबकि जिन राज्यों में कांग्रेस चुनाव जीतती है, वहां चुनाव प्रक्रिया पर उसी तरह सवाल नहीं उठाए जाते। ये आरोप विधायक टंडन ने प्रदर्शन के दौरान लगाए। कांग्रेस की ओर से इन आरोपों पर प्रतिक्रिया की जानकारी उपलब्ध नहीं है।

डेम के बैक वाटर में नहाते समय चाचा-भतीजे डूबे, एक को बचाया दूसरे की तलाश जारी



डीआर संवाददाता ✉ विदिशा

जिले के खतुल क्षेत्र के डिनोतिया गांव स्थित सोमधार दोधर लघु डेम के बैक वाटर में नहाने गए चाचा-भतीजे गहरे पानी में डूब गए। घटना में शामिल चचेरे अविरावर ने साहस दिखाते हुए 17 वर्षीय अंकित रघुवंशी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, जबकि 15 वर्षीय लालजन रघुवंशी की तलाश देर शाम तक जारी रही। एसडीआरएफ की टीम ने अंधेरा होने एक रेस्क्यू अभियान शुरू। मंगलवार सुबह दोबारा तलाश शुरू करने की तैयारी की गई।

नहाते समय गहरे पानी में चले गए दोनों

जानकारी के अनुसार, सोमधार दोधर लरीब एक बजे लालजन रघुवंशी, पुत्र सांजू रघुवंशी और अंकित रघुवंशी, पुत्र शंभु सिंह रघुवंशी, समड़ डेम के बैक वाटर में नहाने पहुंचे थे। इसी दौरान दोनों अचानक गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। ग्रामीणों ने चुनमिक, गांव के पास नाले में करीब 15 से 20 फीट तक पानी भरा हुआ है।

शर्मेंद्र ने बचाई अंकित की जान

घटना के सूचना मिली तो एसडीएम अनुज चौधरी मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि एक अपनी जैसे को देख रहे थे, तभी घबराहट वर में बच्चों को बचाने के लिए छलांग लगाई। तैरना ठीक से नहीं आने के बावजूद शर्मेंद्र पानी में उतर गए और अंकित को बाहर निकालने में सफल रहे। इस दौरान वे खुद भी गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। ग्रामीणों ने तुरंत उन्हें भी बाहर निकाला।

प्रशासन ने संभाला मोर्चा

घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम अनुज चौधरी सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने रेस्क्यू अभियान की निगरानी की और परिजनों को ढांढस बंधाया। लालजन की तलाश जारी रहने के दौरान गांव में शोक और चिंता का माहौल बना रहा।

गंजबासौदा में महर्षि वाल्मीकि जयंती पर निकला भव्य चल समारोह

डीआर संवाददाता ✉ गंजबासौदा





महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर सोमवार शाम शहर में भव्य चल समारोह निकाला गया। स्वीता रोड स्थित वाल्मीकि मंदिर से शाम 5 बजे शुरू हुआ समारोह शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए पावस मंदिर पहुंचकर संपन्न हुआ। चल समारोह रेलवे स्टेशन, नेहरू चौक, अंबेडकर चौक और जय स्तंभ चौक सहित प्रमुख मार्गों से निकला। इसमें शामिल आकर्षक झांकियों ने लोगों का ध्यान खींचा। भाजपा नेता की सुसज्जित झांकी के साथ घोड़ों पर सवार लव-कुश विशेष आकर्षण रहे। महर्षि वाल्मीकि की झांकी भी बच्चों के आकर्षण का केंद्र बनी। समारोह के दौरान डीजे की धुन पर युवक जलाह के साथ नृत्य करते हुए आगे बढ़े, वहीं महिलाएं भक्ति गीत गाती नजर आईं। शहर में कई स्थानों पर सामाजिक और सांस्कृतिक संगठनों व प्रतिनिधियों ने महर्षि वाल्मीकि की झांकी पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। समारोह के दौरान जगह-जगह प्रसाद वितरण किया गया। पुलिस बल की मौजूदगी में समारोह शांतिपूर्ण रहा।

विदिशा में जनगणना के दूसरे चरण की तैयारियों की समीक्षा, समय-सीमा में काम पूरा करने के निर्देश

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा



जनगणना के दूसरे चरण के अंतर्गत जनसंख्या गणना की तैयारियों को लेकर सोमवार को जिला स्तर पर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में आवश्यक व्यवस्थाओं और आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की गई।

बैठक में जनगणना कार्य के लिए नियुक्त जिला स्तरीय चार्ज लिपिक और तकनीकी सहायकों ने भाग लिया। जनगणना निदेशक, मध्यप्रदेश की प्रशिक्षक वीणा वैरागनी ने प्रक्रिया और तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी तथा अधिकारियों–कर्मचारियों की जिम्मेदारियों का स्पष्टीकरण किया।

अपर कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जनगणना के दूसरे चरण की सभी प्रशिक्षण तैयारियां निर्धारित समय-सीमा में पूरी की जाएं। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को आपसी समन्वय बनाए रखने, तकनीकी व्यवस्थाएं व्यवस्थित करने और अपने दायित्वों का निर्धारित से निर्वहन करने को कहा।

सागर बायपास पर स्कार्पियो ने कार को मारी टक्कर, एयरबैग खुलने से दंपती सुरक्षित

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा।



विदिशा–सागर बायपास पर रविवार देर रात तेज रफ्तार स्कार्पियो ने एक कार को टक्कर मार दी। हादसे के दौरान कार के एयरबैग खुल गए, जिससे ड्राइविंग सिडनी दंपती की जान बच गई। टक्कर के बाद स्कार्पियो चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया।

कार सवार अंजू कुमारी ने बताया कि वह अपने पति के साथ भोपाल से सागर स्थित्योंकर लौट रही थीं। उनकी कार बीच्ची सड़क पर खड़ी थी, तभी एक पिछे से टक्कर मार दी। एयरबैग खुलने से दोनों सुरक्षित बच गए।

हादसे में स्कॉर्पियो का नंबर प्लेट लगा बंपर गाड़ी टूटकर सड़क पर गिर गया। कुछ देर बाद उसे उठाने पहुंचे एक युवक से सख्त लोगों ने पहचान कर ली। स्कार्पियो चालक के फरार हो जाने की आशंका भी जताई जा रही है।

पीड़ित लहजन पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सूचित करार चालक और बंपर खोई गाड़ी उठाने पहुंचे युवक के जुड़े पहलुओं की भी जांच कर रही है।

कोटवारों की बेमियादी हड़ताल जारी, वर्दी की राशि और जमीन पर मालिकाना हक की मांग

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा



वर्दी की राशि सीधे बैंक खातों में भेजने, सेवा के बदले आवंटित जमीन पर मालिकाना हक देने और सरकारी कर्मचारी का दर्जा प्रदान करने की मांग को लेकर मोतेलाल के कोटवार हड़ताल पर हैं। प्रदेश कोटवार संघ के आह्वान पर 22 जनवरी से शुरू हुआ आंदोलन तहसील कार्यालय परिसर में अनिश्चितकालीन धरने के रूप में जारी है।

कोटवारों का कहना है कि पहले वर्दी की राशि सीधे खातों में आती थी, जिससे वे अपनी मांग के अनुसार कपड़े सिलवा सकते थे। अब सिलने वाली तैयार वर्दियों की गुणवत्ता खराब होने से परेशानी हो रही है। इसलिए पुरानी व्यवस्था बहाल करने की मांग की जा रही है।

इसके अलावा कोटवार आवंटित जमीन का भूमिस्वामी अधिकार और नियमित सरकारी कर्मचारी का दर्जा चाहते हैं। उनका कहना है कि इन मांगों से उनकी आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा मजबूत होगी।

संघ के अनुसार, 28 तारीख को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसके बाद 31 तारीख को भोपाल के नीलम पार्क में प्रदेशस्तरीय प्रदर्शन प्रस्तावित है। विदिशा, गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, शमशाबाद, ग्यारसपुर और लटेरी के कोटवार आंदोलन में शामिल हैं। मांगें पूरी होने तक हड़ताल जारी रखने की बात कही गई है।

करवा चौथ करवा चौथ 29 अक्टूबर को, रात 8.23 से 8.30 बजे के बीच, चंद्रोदय की संभावना

सुहागिन महिलाएं पति की लंबी आयु और सुखी दांपत्य जीवन के लिए रखेंगी व्रत, बाजारों में करवा और पूजन सामग्री की खरीदारी शुरू

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा



पति की लंबी आयु अच्छे स्वास्थ्य और सुखमय वैवाहिक जीवन की कामना के साथ सुहागिन महिलाएं 29 अक्टूबर, गुरुवार को करवा चौथ का व्रत रखेंगी। इस पर्व को लेकर महिलाओं में उत्साह है। शहर के बाजारों में करवे, छलनी और पूजन सामग्री की खरीदारी शुरू हो गई है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, करवा चौथ पर महिलाएं दिनभर व्रत रखकर शाम को विधि-विधान से पूजा करती हैं और चंद्रमा को अर्घ्य देने के बाद व्रत खोलती हैं।

रात 8. 23 से 8. 30 बजे के बीच चंद्रोदय की संभावना

धर्मशिक्षक पंडित विनोद शास्त्री के अनुसार, करवा चौथ का व्रत कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को रखा जाता है। इस वर्ष चतुर्थी तिथि 28 अक्टूबर की रात 10:07 बजे से 29 अक्टूबर की रात 10:10 बजे तक रहेगी। रोहिणी नक्षत्र का संयोग भी बनाक रात्रा है। विदिशा में गणना के अनुसार, रात 8.23 से 8.30 बजे के बीच चंद्रोदय होने की संभावना है।

उन्होंने बताया कि इस बार मंडप वृक्ष रहेगा ने उम्र का पहरेगा। इसके साथ कुछ और शुभ योग बुरो से तनमी नक्षत्रका रवर्योग पहले अन्य शुभ योग बनने की बात कही गई है।

विधि-विधान से होगा पूजन

व्रत्त चौथ के दिन महिलाएं सूर्योदय से पहले स्नान कर सोलह श्रृंगार करती हैं और निर्जला व्रत का संकल्प लेती हैं। शाम को गणेश जिव, माता गौरी की पूजा कर अखंड सौभाग्य और सुखी दांपत्य जीवन की कामना करती हैं। इसके बाद चंद्रमा को अर्घ्य देकर पति के हाथों जल ग्रहण कर व्रत खोल जाता है। छलनी और करवे का विशेष महत्व

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, छलनी से चंद दर्शन प्रेम और समर्पण का प्रतीक माना जाता है। स्त्रियां के बरवे से चंद्रमा को अर्घ्य दिया जाता है। पूजा के बाद करवे में बायन, वस्त्र और सुहाग सामग्री ससुराल सास को भेंट करने की परंपरा भी है।

पंडित विनोद शास्त्री के अनुसार, करवा चौथ केवल उपवास का पर्व नहीं, बल्कि पति-पत्नी के बीच प्रेम, विश्वास और समर्पण का प्रतीक है। इस दिन महिलाएं गाता गौरी की पूजा कर अखंड सौभाग्य और सुखी दांपत्य जीवन की कामना करती हैं।

उदयपुर गांव में युवक की मौत, अस्पताल में डॉक्टरों ने किया मृत घोषित

डीआर संवाददाता ✉ गंजबासौदा

गंजबासौदा से करीब 18 किलोमीटर दूर ग्राम उदयपुर में सोमवार दोपहर एक 25 वर्षीय युवक की अचानक पेशाब खाने के बाद मौत हो गई। परिजन उसे तत्काल गंजबासौदा के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार, युवक की पहचान हसीब खान के रूप में हुई है। सोमवार दोपहर करीब 12:30 बजे उसने घर पर रखा जहरीला पदार्थ खा लिया था। परिजनों को जानकारी मिलते ही वे उसे अस्पताल ले गए। बताया गया कि युवक की शादी करीब छह महीने पहले हुई थी।

पेट संबंधी बीमारी से था परेशान

परिजनों के अनुसार, युवक पेट संबंधी समस्या से परेशान था। इसी कारण घटना होने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, घटना के वास्तविक कारणों की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।

सूचना मिलने पर शहर थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम कराया। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। एएसआई कमलेश ठाकरे के अनुसार, पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

डीआर राजगढ़

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहिड़ा, तलेन | कार्तिक कृष्ण पक्ष-02, 2083 | राजगढ, दिन मंगलवार,दिनांक 27 अक्टूबर, 2026

न्यूज गैलरी

किराए से रह रहे शाजापुर के युवक की राजगढ़ में मौत

राजगढ़। शहर के शिवाजी वार्डवासियों ने अपनी पत्नी को साथ रह रहे एक युवक की सोमवार को संदिग्ध हालातों में मौत हो गई। मृतक युवक लखन (28) पुत्र रमेश मीणा शाजापुर जिले के पचलाना गांव का रहने वाला है। लखन (28) को उसके पिता रमेश मीणा सोमवार क्रीब साढ़े 3 बजे जिला अस्पताल लेकर आए, जहां डॉक्टर के दौरान लखन की मौत हो गई। पुलिस ने पीएम के बाद शव परिजन को सौंप दिया है।

दिवित अंतरराष्ट्रीय कराटे स्पर्धा में करेंगे प्रतिनिधित्व

राजगढ़। ग्वालियर के एलएनआईपीई बहुउद्देशीय हॉल में 25 अक्टूबर को हुई 10वीं वॉरियर मॉल इंडिया कराटे चैंपियनशिप में राजगढ़ के खिलाड़ियों ने 8 पदक जीते। सबसे बड़ी उपलब्धि दिवित एस. मिलान ने हासिल की। उन्होंने लगातार दूसरी बार स्वर्ण पदक जीता। इस प्रदर्शन के आधार पर दिसंबर में नेपाल में होने वाली अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता के लिए उनका चयन हुआ है। दिवित को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा। अदिति पांगी, सृष्टि खंडेलवाल और विक्रम गुप्ता ने रजत पदक जीते। कृति इंगले, यशनी बाघला, अलंकृता त्रिवेदी और शिवांश गुप्ता ने कांस्य पदक हासिल किए। खिलाड़ियों ने कोच सचना मांझी के मार्गदर्शन में हिस्सा लिया।

हाल-चाल जानने पहुंचे कांग्रेस प्रदेश महासचिव

सेहरा। राजनीतिक समीकरणों से परे मानवीय संवेदनाओं की एक अनूठी मिसाल सामने आई है। शाम अस्त्रैन भौंसली निवासी बीजेपी वृक्ष आलम्बन मण्डल नोखण्डी के गृह कार्य के दौरान हाथ में गंभीर चोट लग गई थी, जिनका इलाज अशोकनगर की अस्पताल में हुआ। रविवार को मनोज नोखण्डी के स्वास्थ्य की जानकारी लेने और उनका हाल-चाल जानने प्रदेश कांग्रेस महासचिव यादवेंद्र सिंह यादव उनके निवास स्थान पहुंचे। उन्होंने पीड़ित का हाल जाना और जल्द स्वस्थ होने की कामना करते हुए संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर कांग्रेस जिला महासचिव राजेश जैन भी उनके साथ मौजूद रहे। नेताओं की इस सादगीपूर्ण मुलाकात की क्षेत्र में काफी चर्चा हो रही है।

26 और 27 को अशोकनगर रूट की 4 मेमू ट्रेनें रद्द

अशोकनगर। बीना रेलवे स्टेशन पर यार्ड रीमॉडलिंग कार्य के बाद लाइनों और प्लेटफॉर्मों की अनुरक्षणता एवं अतिरिक्त ट्रेनों की आवाजाही पर पड़ रहा है। रेलवे ने परिचालन संबंधी तकनीकी कारणों को देखते हुए 26 और 27 अक्टूबर को अशोकनगर से गुजरने वाली कई मेमू ट्रेनों को रद्द कर दिया है, वहीं कुछ को बीना से पहले ही समाप्त करने का फैसला लिया है। अशोकनगर-कटिहाई मार्ग पर चलने वाली बीना-कटिहाई मेमू (61611) व (61625) तथा कटिहाई-बीना मेमू (61612) व (61626) को 26 और 27 अक्टूबर को पूरी तरह निरस्त कर दिया। इसके अलावा कई ट्रेनों को बीना स्टेशन न ले जाकर रास्ते में ही समाप्त और प्रारंभ किया जा रहा है। बरेटा-बीना मेमू (11603) 26 व 27 अक्टूबर को बीना की जगह महा देवखेड़ी में समाप्त होगी, वहीं बीना-कोटा मेमू (61634) महा देवखेड़ी से ही रवाना होगी। कोटा-बीना मेमू (61633) गुंगावली स्टेशन पर समाप्त होगी और बीना-कोटा मेमू (11604) 27 अक्टूबर को

दिग्विजय सिंह की सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा सारंगपुर पहुंची, हिंदुत्व और वोट चोरी के मुद्दे पर भाजपा को घेरा

पूर्व मुख्यमंत्री बोले- सनातन धर्म सत्य, अहिंसा और सर्वधर्म समभाव का मार्ग,

डीआर संवाददाता ✍ सारंगपुर राजगढ़

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा सोमवार को शाजापुर से सारंगपुर पहुंची। यहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने यात्रा का स्वागत किया। सोयाबपुरा में मनोहरम शासकीय के प्रांगण पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए दिग्विजय सिंह ने भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म सार्वभौमिक सत्य, अहिंसा और सर्वधर्म समभाव का मार्ग है, जबकि हिंदुत्व के नाम पर नफरत फैलाकर राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश की जा रही है।





वोट चोरी और चंदा चोरी के मुद्दे उठाए

दिग्विजय सिंह ने कहा कि यात्रा का उद्देश्य वोट चोरी और चंदा चोरी जैसे मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाने के साथ सनातन धर्म को सही परिप्रेक्ष्य में प्रस्तुत करना है। उन्होंने कहा कि वोट चोरी के मुद्दे पर कार्रवाई नहीं हुई तो लोकतंत्र और संविधान के सामने संकट खड़ा हो सकता है। उन्होंने 1 नवंबर को प्रस्तावित इंडिया गठबंधन की जनसभा में लोगों से शामिल होने की अपील भी की।

हिंदुत्व शब्द से संकट में हिंदू धर्म

दिग्विजय सिंह ने कहा कि इसका इस्तेमाल सावरकर ने किया था और उनके दिमाग में इसका धर्म से संबंध नहीं था। वोट चोरी के मामले में कार्रवाई को लेकर उन्होंने आरोप लगाया कि छोटी गड़बड़ियों को पकड़ा गया है, जबकि बड़े गड़बड़घोटालों पर कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने संकेत दिया, अगर मिश्र और नेपाल जैसे पर भी हस्ताक्षेप के आरोप लगाए। वे आरोप दिग्विजय सिंह ने लगाए हैं।

यात्रा को लेकर राजगढ़ में बयानबाजी

दिग्विजय सिंह की यात्रा को लेकर राजगढ़ में भी राजनीतिक बयानबाजी होने लगी है। भाजपा जिलाध्यक्ष आनंद सिंह यादव ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा था कि दिग्विजय सिंह का राजनीतिक जनाधार राजगढ़ लोकसभा चुनाव में ही निकल चुका है। उन्होंने यह सवाल भी उठाया था कि मुख्यमंत्री रहते हुए दिग्विजय सिंह को सनातन और धार्मिक यात्राओं की याद क्यों नहीं आई।

प्रियव्रत सिंह ने किया पलटवार

सर्वेश सिलावट एवं पूर्व मंत्री प्रियव्रत सिंह ने विधायक के बयान पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि नेताओं को पूरी तरह राजनीतिक मतभिन्नता होने पर टिप्पणी करने के बजाय अपने काम पर ध्यान देना चाहिए। प्रियव्रत सिंह ने तत्कालीन सीएमएचओ और जल निगम के महाप्रबंधक से तुरंत फिकरी का उल्लेख करते हुए विधायक पर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि विधायक को अपने व्यवहार और जनता के बीच अपनी स्थिति पर ध्यान देना चाहिए। इस तरह सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा को लेकर राजगढ़ जिले में बयानबाजी और आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है। दोनों दलों के नेताओं ने अपने-अपने बयानों के माध्यम से राजनीतिक गुत्थी पर चर्चा रखा।

युवती को लेकर दो पक्षों में विवाद, हंगामा देख यात्री प्रतीक्षालय में छिपी



डीआर संवाददाता ✍ राजगढ़।

शहर के खिलचीपुर नाके पर सोमवार देर शाम एक युवती को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और नारेबाजी के साथ हंगामा शुरू हो गया। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को लोगों और युवती की सुरक्षा के लिए थाने ले गई। देर रात तक मामले की जांच जारी थी।

दो लाख रुपए में खरीदने का आरोप

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जीरापुर के कुछ युवक तिलपुरी से युवती को लेकर जा रहे थे। आरोप है कि युवती को दो लाख रुपए देकर लाया गया था। बताया गया कि रुपए देने के बाद युवक युवती को लेकर जीरापुर की ओर रवाना हुआ था। वहीं, दूसरे पक्ष के लोगों का आरोप है कि ये युवक और उसके साथियों का पीछा कर रहे थे।

विवाद के दौरान प्रतीक्षालय में छिपी युवती

खिलचीपुर नाके पर दोनों पक्षों का जमावा-बमावा होने के बाद युवती को ले जाने को लेकर खींचतान शुरू हो गई। हंगामा बढ़ता देख युवती घबराकर यात्री प्रतीक्षालय में जाकर छिप गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थिति संभालते हुए दोनों पक्षों को थाने पहुंचाया।

पुलिस दोनों पक्षों के आरोपों और वसूले रुपए के लेनदेन की जांच कर रही है। मामले में युवती को लेकर हुए विवाद की वास्तविक परिस्थितियां जांच के बाद स्पष्ट होंगी।

मां दुर्गा के विसर्जन चल समारोह में गरबे की धूम, इंदौर के कलाकारों ने बांधा समां



मां दुर्गा के विसर्जन चल समारोह में सोमवार को भक्ति के साथ गरबा नृत्य की रंगत देखने को मिली। शक्तिधाम दुर्ग घोड़ाडोंगरी गणेश उत्सव एवं नवदुर्गा उत्सव समिति के तत्वावधान में आयोजित चल समारोह में इंदौर से आए कलाकारों ने गरबा नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। भक्ति गीतों के बीच कलाकारों के प्रदर्शन ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। शाम 4 बजे गणेश चौक पर महाआरती के बाद शुरू हुआ मां दुर्गा की प्रतिमाओं के साथ श्रद्धालु शहर से होते हुए नेवज नदी स्थित विसर्जन कुंड पहुंचे। शहर के जगह-जगह नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर चल समारोह का स्वागत किया और मां दुर्गा के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की।

पहली बार हुआ नगर भंडारे का आयोजन

समिति की ओर से इस तरह पहली बार नगर भंडारे का आयोजन भी किया गया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। समिति सदस्यों ने बताया कि शहरवासियों की सहभागिता से आयोजन सफल रहा।

पूजा-अर्चना के बाद विसर्जन

नेवज नदी स्थित विसर्जन कुंड पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना और महाआरती की गई। इसके बाद मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। समिति सदस्यों ने आयोजन में सहयोग देने वाले नागरिकों का आभार व्यक्त किया।

सोयाबीन कटाई के बाद रबी की तैयारियों में जुटे किसान, बची हुई नमी को सहेजने की होड़

अगली रबी फसल के लिए खेतों की जुताई और तैयारी तेज कर दी है

डीआर संवाददाता ✍ सोनकुंड

सोयाबीन की कटाई पूरी होते ही क्षेत्र के किसानों ने अगली रबी फसल के लिए खेतों की जुताई और तैयारी तेज कर दी है। इस वर्ष क्षेत्र में कम बारिश होने के कारण कुओं के साथ तलपाकर और कवत अधिक पानी गया था। बारिश के अनिश्चित दौर के चलते किसान समय पर खरपतवारनाशक दवाओं का छिड़काव नहीं कर सके थे, जिससे कटाई के बाद खेतों में कचरा साफ करना बड़ी चुनौती बना हुआ है।

सोनम में बची नमी को सहेजने के लिए किसान बिना समय गंवाए जुताई के काम में लग गए हैं ताकि नेहू और चने की बोवनी समय पर की जा सके। वहीं, जिन खेतों में धान की रुलाव लगी है, वहां कटाई का सही अंतिम समय भी है। धान कटते ही उन खेतों में भी सुर्ख जुताई का दौर शुरू होगा। किसानों का कहना है कि कम वर्षा के कारण इस बार जमीन में नमी जल्द समाप्त होने का डर है, इसलिए समय रहते खेत तैयार करना बेहद जरूरी है।

बस स्टैंड के पास स्कूटी को कार ने मारी टक्कर, पिता-पुत्र घायल काटने का आरोप

हादसे के बाद कार चालक फरार, पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ दर्ज किया

डीआर संवाददाता ✍ ब्यावरा।

शहर के बस स्टैंड क्षेत्र में सोमवार रात तेज रफ्तार कार ने स्कूटी को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी पर बैठे पिता-पुत्र सड़क पर गिरकर घायल हो गए। दुर्घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सिटी थाना प्रभारी विजयपाल सिंह के अनुसार, अलका नगर निवासी रवि यादव (42) परिवार संग करीब 10 बजे अपने बेटे रामेश के साथ बस स्टैंड के पास खरीद पान की दुकान के सामने स्कूटी पर बैठे थे। इसी दौरान तेज गति से आई अज्ञात कार ने पीछे से टक्कर मार दी।

हादसे में रवि के कांधे हाथ और पैर में चोट आई, जबकि उनके बेटे रामेश की उंगली पर चोट लगी। मौके पर मौजूद लोगों ने गुप्ता ने दोनों को सामाता। इसके बाद रवि यादव ने फिर थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस फरार कार चालक की तलाश कर रही है।

डंपर चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, हत्या का आरोप

डीआर संवाददाता ✍ अशोकनगर



जिले में बीना-गुंगावली रेल पर नवखेड़ा देवसंडास के पास रविवार सुबह एक युवक का अर्ध संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। मृतक की पहचान नवखेड़ा निवासी 26 वर्षीय नीरज लोधी के रूप में हुई है। वह बीना रिफाइनरी में डंपर चालक के रूप में काम करता था। घटनास्थल के पास उसकी बाइक भी मिली। परिजनों ने पुरानी रंजिश के चलते हत्या की आशंका जताई है।

पुलिस रंजिश से हत्या का आरोप

परिजनों के अनुसार, गांव के कुछ लोगों से उनका विवाद चल रहा था। परिवार के सदस्य रविंदर शाह इस संबंध में पुलिस चौकी में शिकायत करने भी पहुंचे थे। परिजनों को आशंका है कि घर लौटते समय नीरज को रास्ते में रोककर उसके साथ घटना को अंजाम दिया गया। उन्होंने घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी फुटेज का हवाला देते हुए जांच की मांग की है।

शव रखकर किया प्रदर्शन

पोस्टमार्टम के बाद आक्रोशित परिजनों ने गुंगावली में सड़क पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया। उनकी मांग है कि संदिग्ध लोगों के खिलाफ नामजद हत्या का मामला दर्ज कर कार्रवाई की जाए। परिजनों ने आरोप लगाया कि पुलिस फिलहाल मामले में नर्म कायम कर जांच कर रही है।

परिजनों के मुताबिक, जिन लोगों पर उन्हें संदेह है, वे घटना के बाद से गांव में नहीं हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सूचना की जांच की जा रही है। सूचना की पुष्टि होने पर ही संदिग्ध लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

जयंती कुरावर और सारंगपुर में धूमधाम से मनाई महर्षि वाल्मीकि जयंती,

नगर में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर किया स्वागत, पूजा-अर्चना के बाद महाप्रसादी और प्रसाद वितरण का हुआ

डीआर संवाददाता ✍ कुरावर, सारंगपुर।

महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर कुरावर और सारंगपुर में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कुरावर में वाल्मीकि समाज के शोभायात्रा निकली, वहीं सारंगपुर में युवाओं ने बाइक रैली के माध्यम से जयंती मनाई। दोनों स्थानों पर समाजजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा और रैली का स्वागत किया। कार्यक्रमों के दौरान धार्मिक झांकी, सामाजिक एकता और महर्षि के संदेश का स्मरण किया गया।





कुरावर में निकली शोभायात्रा कुरावर में महर्षि वाल्मीकि जयंती पर वाल्मीकि समाज के लोगों ने अपने आराध्य की पूजा-अर्चना कर शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा बस स्टैंड से शुरू होकर मुख्य बाजार से होते हुए मंडी मार्केट पहुंची, जहां इसका स्वागत हुआ। रास्ते में नगरवासियों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। समाजजनों ने महर्षि वाल्मीकि का स्मरण करते हुए सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

महर्षि वाल्मीकि को संस्कृत का आदिकवि और रामायण का रचयिता माना जाता है। जयंती कार्यक्रम के दौरान उनके जीवन, आदर्शों और शिक्षाओं को याद किया गया। आयोजन के बाद महाप्रसादी और सामूहिक भोज रखा गया, जिसमें कुरावर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। समाजजनों ने सहभागिता की।

सारंगपुर में युवाओं ने निकाली बाइक रैली

सारंगपुर में वाल्मीकि समाज ने भगवान वाल्मीकि की जयंती पर बाइक रैली निकाली। रैली की शुरुआत पार्क प्रांगण 9 स्थित गोपालदेव मंदिर से हुई। इसके बाद रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पार्क क्रमांक 5 स्थित वाल्मीकि मंदिर पहुंची। इस दौरान युवाओं ने भगवान वाल्मीकि के जयकारे लगाए और उत्साह के साथ भाग लिया।

वाल्मीकि मंदिर पहुंचने पर समाजजनों की गोष्ठुगनी में आरती की गई और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। रैली का हिंदू उत्सव समिति सहित नगर के विभिन्न मंचों पर स्वागत किया गया। दोनों आयोजनों में समाजजनों ने महर्षि वाल्मीकि की शिक्षाओं को जीवन में अपनाने और आपसी सद्भाव बनाए रखने का संदेश दिया। जयंती के कार्यक्रमों में युवाओं सहित बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने भाग लेकर धार्मिक उत्साह के साथ पर्व मनाया।

फर्जी बीज लाइसेंस मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार, उज्जैन से पकड़ा



डीआर संवाददाता ✍ अशोकनगर

फर्जी बीज लाइसेंस बनाने और उनका ऑनलाइन कर आर्थिक लेन-देन बनाने के मामले में फरार आरोपी नरेंद्र सिंह रघुवंशी को अशोकनगर साइबर पुलिस ने उज्जैन के जेमल गांव से गिरफ्तार किया है। पुलिस अब आरोपी को रिमांड पर लेकर मामले से जुड़े इसकेपेज और अन्य साक्ष्य जुटाने की तैयारी कर रही है।

पुलिस के अनुसार, 16 जनवरी 2024 को बीज प्रमाणीकरण अधिकारी दीपक त्रिवेदी की रिपोर्ट पर गजेंद्र सिंह राजपूत और विजेंद्र सिंह राजपूत के खिलाफ फर्जी लाइसेंस बनाने के आरोप में मामला दर्ज किया गया था। दोनों आरोपियों को सुप्रीम कोर्ट से अग्रिम जमानत मिली थी, लेकिन जांच में सहयोग नहीं करने के कारण पुलिस ने उनकी जमानत निरस्त करा दी थी। इसके बाद से दोनों फरार चल रहे थे। पुलिस गिरफ्तार आरोपी से फर्जी दस्तावेज बनाने में इस्तेमाल की गई सीलें और अन्य जानकारी बरामद करने का प्रयास कर रही है। मामले के दूसरे आरोपी विजेंद्र सिंह राजपूत की तलाश जारी है।